समय का सदुपयोग

कालो अश्वो वहति ।

—अथर्व० १९।५३।१।।

(**कालः अश्वः**) समय-रूपी घोड़ा (**वहति**) दौड़ रहा है ।

दिन, रात, मास और वर्ष व्यतीत होते जा रहे हैं । समय भागता जा रहा है । आप इसके पीछे कितना ही दौड़ो, जो समय निकल गया सो निकल गया; अब वह वापस नहीं आ सकता। इसीलिए कहा है—

गया वक्त फिर हाथ आता नहीं ।

खोया हुआ स्वास्थ्य पुनः लौटाया जा सकता है, धन-धान्य और वैभव पुनः प्राप्त किया जा सकता है, बिछुड़े हुए भाई-बन्धु फिर मिल सकते हैं, परन्तु गया हुआ समय फिर हाथ नहीं आता। अपनी आयु का एक-एक क्षण ज्ञानोपार्जन, विद्याभ्यास, वेदों के पठन-पाठन, प्रभु-चिन्तन तथा शुभ-कर्मों में लगा दो !

आज के काम को कल पर मत छोड़िए—

काल करे सो आज कर, आज करे सो अब ।
पल में प्रलय होयेगी, फेर करेगा कब ।।

प्रभु आपको बल और शक्ति प्रदान करें जिससे आप अपने समय का सदुपयोग करते हुए उन्नत हो सकें !

बोध-कथा

गृहस्थ धर्म का निर्वाह

एक बार सम्पन्न गृहस्थ दुकानदार स्वामी दयानन्द के पास पहुंचा । उनकी सेवा में हाथ जोड़कर बोला–''महाराज, मैं आपका एक पक्का भक्त हूं । मैं चाहता हूं कि मैं अपनी दुकान, कारोबार बेच दूं और उससे मिले दस हजार रुपये आर्यसमाज को दान दे दूं, जिससे आर्यसमाज का भव्य मन्दिर बन जाये ।''

स्वामी जी ने जिज्ञासा प्रकट की तुम्हारे घर-परिवार में कितने लोग हैं ? दुकानदार ने जवाब दिया मैं हूं, मेरी घरवाली है, दो बच्चे हैं, पर कमाने वाला मैं अकेला हूं, यह दुकान ही मेरी और मेरे परिवार की आय का साधन है ।

स्वामी जी ने उस भक्त दुकानदार को सचेत करते हुए कहा–''भले मानस, यह बात तो ठीक नहीं । तुम अपनी घर-गृहस्थी का सहारा दुकान बेच दोगो तो तुम्हारा और तुम्हारे परिवार का कैसे काम चलेगा । तुम्हारा कर्त्तव्य है कि पहले तुम अपने परिवार के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भली प्रकार से निबाहो । यदि तुम दान धर्म का निर्वाह करने के लिए गृहस्थी को दांव पर लगा दोगे तो गृहस्थ धर्म का निर्वाह कैसे हो सकेगा ।''

स्वामी जी ने व्यापारी गृहस्थ को सचेत करते हुए कहा–''तुम्हारी मानना का मैं सम्मान करता हूं, परन्तु तुम्हारा दस हजार रुपये देकर रोजगार खत्म कर देना ठीक नहीं, यदि तुम अपनी बचत के एक हजार रुपये ही संस्था को दान दो तो वह तुम्हारे, तुम्हारे परिवार और समाज सब के लिए ठीक हो सकेगा । मेरी सलाह तुम्हें यह ही है कि तुम रोजगार से मिलने वाले शेष रुपयों से अपने उसी रोजगार को मजबूत करो या किसी नये काम-धन्धे को अधिक मजबूत और पुख्ता करो, इसी में तुम्हारा और तुम्हारे गृहस्थ धर्म का पालन हो सकेगा ।''

–नरेन्द्र विद्यावाचस्पति

वेदप्रकाश

संस्थापक : स्वर्गीय श्री गोविन्दराम हासानन्द

वर्ष ४५, अंक ८ वार्षिक मूल्य : बीस रुपये मार्च १९९६

सम्पा॰ अजयकुमार आ॰ सम्पादक : स्वामी जगदीश्वरानन्द सरस्वती

जिज्ञासु के लिए उपनिषदों की सीख : ११

ब्रह्माण्ड और ब्रह्म के ज्ञान का विवेचन: श्वेताश्वतर उपनिषद् द्वारा

–नरेन्द्र विद्यावाचस्पति

वैदिक वाङ्मय एवं वैदिक विचारधारा को समझने में उपनिषदें सहायता करती हैं। इन ग्रन्थों के माध्यम से वेदों का गूढ़ रहस्यवादी सन्देश भली प्रकार समझा जाता है। वैसे मुक्तक उपनिषद् में १०८ उपनिषदों का उल्लेख है, परन्तु मुख्य लोकप्रिय उपनिषदें ११ ही हैं। ब्रह्माण्ड और ब्रह्म सरीखे गूढ़ रहस्यपूर्ण सिद्धान्त की व्याख्या इस ग्यारहवीं उपनिषद में इसी नाम के ऋषि श्वेताश्वतर ने प्रस्तुत की है।

एक बार एक आश्रम में जिज्ञासु ब्रह्मवादी एकत्र हुए। उन्होंने जिज्ञासा की कि इस सृष्टि ब्रह्माण्ड का कारण ब्रह्म है या कोई और कारण है? उन्होंने चिन्तन प्रस्तुत किया–हम लोग कहां से पैदा हुए? उनकी चर्चा का तीसरा विषय था–हम किस से जीते हैं, हम सब किस की सत्ता से जगत् की स्थिति दशा में जीवित रहते हैं ? और चौथी जिज्ञासा थी कि प्रलय की स्थिति में किस आधार पर हम सब रहते हैं ? इन ब्रह्मवादियों की चर्चा का पांचवां विषय था किस के निर्धारण में बंधे हुए हम सुख तथा दु:खों को भुगतते हैं ? हम सब ब्रह्मविद् ब्रह्मज्ञानी आप ऋषि की कृपा से इन सब जिज्ञासाओं, समस्याओं का समाधान करना चाहते हैं।

ओ३म् ब्रह्मवादिनो वदन्ति। किं कारणं ब्रह्म, कुतः स्म

जाता, जीवाम केन, क्व च संप्रतिष्ठा । अधिष्ठिताः केन, सुखेतरेषु वर्त्तामहे, ब्रह्मविदो व्यवस्थाम् ॥१॥

सृष्टि का कारण यदि ब्रह्म नहीं तो क्या काल (समय) स्वभाव, नियति (भाग्य) या ईश्वर की इच्छा है तो क्या पंच महाभूत कारण हैं? इन का संयोग कारण नहीं हो सकता क्योंकि ये सब जड़ हैं । **(स तु अनात्मभावात् ।)** अगर महाभूत कारण नहीं हैं तो क्या स्त्री-पुरुष कारण हैं ? ऋषि ने बतलाया–''सुख-दुःख होने के कारण स्त्री-पुरुष भी कारण नहीं हैं, वे कारण होते तो अपने को दुःख नहीं होने देते । **(आत्मा अपि अनीशः सुखदुःखहेतोः ।)** अर्थात् एक परमेश्वर ही सब का मूल कारण है, क्योंकि उसके विना काल, प्रकृति और जीवादि सब मिलकर भी सृष्टि नहीं बना सकते । चिन्तन से अनुभूति होती है । ध्यान योग से ब्रह्मवादियों को ज्ञात हुआ अपने गुणों की महत्ता के कारण परमेश्वर की दिव्य शक्ति अन्तर्लीन-निगूढ़ है। **(ते ध्यानयोग अनुगताः अपश्यन् देव-आत्मशक्तिं स्वगुणैः निगूढाम् ।)** सृष्टि-उत्पत्ति के ऊपर जितने कारण बतलाए गए हैं, उन सब में पहले कारण, समय काल से लेकर आखिरी आत्मा कारण तक उन सब को कौन-सी एकाकी व्यवस्था-अनुशासन में नियन्त्रित कर रही है । **(यः कारणानि निखिलानि तानि कालात्मयुक्तानि अधितिष्ठति एकः ।)**

जिस प्रकार एक रथ के पहिए में एक परिधि-नेमि होती है, उसी प्रकार ब्रह्म द्वारा संचालित सृष्टि रूपी चक्र में प्रकृतिरूपिणी नेमि है । जैसे रथ के पहिए में लोहे की पट्टी मढ़ी रहती है, वैसे इस सृष्टि-चक्र में भी सत्त्व, रज, तम इन तीन गुणों की पट्टी या लपेट हैं । ये तीन-तीन पट्टियां या लपेट प्रकृति पर चढ़े हुए हैं, १६ छोर वाले **(षोडशान्तम्)** ५० अरों वाले **(शतार्धारम्)** बीच की २० प्रत्यराओं से जुड़े हुए **(विंशतिप्रत्यराभिः)** आठ, आठ-आठ के समुदाय **(अष्टकैः)** छह गुच्छों से जटित **(षड्भिः)** काम रूप एक फांस वाले, तीन मार्गों के भेद वाले, उत्पत्ति, स्थिति तथा प्रलय रूपी तीन मार्गों से चल रहा है । इस सृष्टि-चक्र के चलने से जीवात्मा के शुभ और अशुभ दोनों प्रकार के कारण यह सृष्टि-चक्र चलता रहता है । सृष्टि-चक्र चलने का एक कारण और है–वह है मोह । **(एकनेमिम्, त्रिवृतम्, त्रिमार्गभेदम्, द्विनिमित्तम्, एकम् मोहम् ।)** जैसे रथचक्र किसी निमित्त से चलाया जाता है, उसी प्रकार यह सृष्टि-चक्र भी पाप-पुण्य या राग द्वेषादि द्वन्द्वों के फल भोगों के लिए चलाया जाता है । जिस प्रकार रथ चक्र में चिकनाई होती है, उसी प्रकार इस सृष्टि-चक्र में भी एक मोह नामक चिकनाई है ।

संसार को चक्रवत् घूमने वाला कह कर अब उस पिण्ड को

नदी के समान प्रवाहित होने वाला कहा है । वास्तव में संसार एक नदी के तुल्य है, जैसे नदी का जल पांच स्रोतों से प्रवाहित होता है, वैसे शरीर रूपी पांचों ज्ञानेन्द्रियों से ज्ञान रूपी जल प्रवाहित होता है। (**पञ्च स्रोतोऽम्बुं**) जैसे नदी के स्रोत का मूल पहाड़ होता है, वैसे शरीर रूपी नदी में पांचों महाभूत उसके उद्भव स्रोत हैं । जैसे नदी की गति कहीं उग्र, कहीं टेढ़ी (**पञ्चयोन्युग्रवक्राम्**) वैसे मानव-जीवन की प्रवृत्तियां कभी अधिक गतिशील तो कभी टेढ़ी-मेढ़ी हो जाती हैं। नदी की तरंगों की तरह शरीर रूपी नदी के पांचों प्राण ही उसकी तरंगों के समान हैं । (**पञ्चप्राणोर्मिम्** ।) नदी के आदि मूल स्रोत उद्गम की तरह मानवीय जीवन में शब्द, रूप, रस, गन्ध, स्पर्श आदि पांच प्रकार की बुद्धियों का आदि मूल है । (**पञ्चबुद्ध्यादिमूलाम्**) जैसे किसी नदी में भंवर या आवर्त होते हैं, वैसे जीवन-नदी में शब्द, रूप, रस, गन्ध और स्पर्श जैसे आकर्षण या विषय ही भंवर के तुल्य हैं। (**पञ्चावर्त्ताम्**) नदी के वेग के समान जन्म दुःख, मृत्यु दुःख, बुढ़ापे का दुःख, रोग का दुःख और गर्भ के दुःख रूपी वेग हैं (**पञ्च दुःखौघवेगाम्**) ये जीवन में बाढ़ के तुल्य हैं । जैसे नदी को पार करने के लिए पचासों प्रकार या उपाय हो सकते हैं, उसी प्रकार ऋषि का परामर्श है कि जीवन नदी को पार करने के लिए विभिन्न तोड़ों भेदों को जानने के लिए सम्यक् अध्ययन करना चाहिए । (**पञ्चाशद्भेदां पञ्चपर्वामधीमः**) सब का जीवन-दाता, सब का पालक, सब को धारण करने वाला वह विराट् ब्रह्मचक्र में जीव रूपी हंस कोई घुमा रहा है, जो व्यक्ति अपने को, उस प्रेरक तत्त्व को प्रेम पूर्वक जान लेता है, वह अमृत हो जाता है ।

सृष्टि के कारणों की चर्चा करते हुए ऋषि का निष्कर्ष है- हम ने जो कुछ स्तवन किया, वह परम ब्रह्म का ही गुणानुवाद है । उस परम ब्रह्म में ईश्वर जीव तथा प्रकृति ये प्रधान तत्त्व हैं, जो उन तीनों का भेद रहस्य जान लेता है, वह ब्रह्म में लीन होकर जन्म-मरण के चक्र से उन्मुक्त हो जाता है ।

उद्गीतमेतत्परमं तु ब्रह्म तस्मिंस्त्रयं सुप्रतिष्ठाक्षरम् । अत्रान्तरं ब्रह्मविदो विदित्वा लीना ब्रह्मणि तत्परा योनिमुक्ताः ॥७॥

ऋषि सृष्टि के तीन तत्त्व बतलाते हैं-१. ईश्वर, २. जीव और ३. प्रकृति । इन तीन तत्त्वों में से प्रकृति क्षरति दूसरी अवस्था को प्राप्त करती है और न बदलने वाली है । प्रकृति व्यक्त है और अव्यक्त भी। इस क्षर-व्यक्त और अक्षर-अव्यक्त रूप प्रकृति विश्व को परमात्मा धारण करता है । जीवात्मा शुभाशुभ कर्मों का भोक्ता है, यह जीवात्मा शुभ-अशुभ कर्मों के भोग में लिप्त होकर संसार के बन्धनों में फंस

जाता है । जब वह संसार में रमण करने के स्थान पर परमात्मदेव को जान लेता है, तब सब बन्धनों से मुक्त हो जाता है । मन्त्र इस प्रकार है–

संयुक्तमेतत्क्षरमक्षरं च व्यक्ताव्यक्तं च भरते विश्वमीशः ।
अनीशश्चात्मा बध्यते भोक्तृभावाज्ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः ॥८॥

अगले तीन छन्दों द्वारा पूर्वोक्त स्थापना को पुष्ट करते हुए ऋषि वर्णन करते हैं–यहां दो अज–अजन्मा ज्ञ+अज्ञौ द्वौ अजौ–एक सर्वज्ञ, परमात्मा है, दूसरा अल्पज्ञ–अजन्मा–असमर्थ जीवात्मा है, तीसरी–'अजा हि एका' अनादि प्रकृति है, जीवात्मा भोक्ता है, इन तीनों में एक अनन्त, विश्वरूप, प्रकृति का भोग न करने वाला अकर्ता परमात्मा है । जब ज्ञानी इन तीनों तत्त्वों के वास्तविक स्वरूप को जान लेता है । तब वह ब्रह्म के यथार्थ स्वरूप को भी जान लेता है ।

ज्ञाज्ञौ द्वावजावीशानीशावजा ह्येका भोक्तृभोग्यार्थयुक्ता ।
अनन्ताश्चात्मा विश्वरूपो ह्यकर्त्ता त्रयं यदा विन्दते ब्रह्ममेतत् ॥९॥

तात्पर्य यह है ब्रह्मज्ञानी श्वेताश्वतर के ऋषि सृष्टि–चक्र के १. ईश्वर २. जीव और ३. प्रकृति तीन कारण मानते हैं, इन में परमात्म देव को जान कर संसार के अविद्या क्लेश आदि सब बन्धन खत्म हो जाते हैं । सब अविद्याओं की निवृत्ति होती है ।

क्षरं प्रधानममृताक्षरं हरः क्षरात्मानावीशते देव एकः ।
तस्याभिध्यानाद्योजनात्तत्त्वभावाद् भूयश्चान्ते विश्वमायानिवृत्तिः॥१०॥

परमात्मदेव को भली प्रकार जानने से अविद्या, क्लेश आदि सब बन्धन समाप्त हो जाते हैं, उनके छूट जाने से जन्म–मृत्यु चक्र से छुट्टी मिल जाती है । इसे जान लेने के बाद वह जीव, प्रकृति और ब्रह्म से भिन्न एक देह शरीर से पृथक् तीसरी पूर्णतया स्वच्छ अनुभूति करने लगता है । सम्बन्धित मन्त्र यह है–

ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः क्षीणैः क्लेशैर्जन्म मृत्युप्रहाणिः।
तस्याभिध्यानात्तृतीयं देहभेदे विश्वैश्वर्यं केवल आप्तकामः ॥११॥

उस परमात्म देव को जानने से वह परमात्मदेव कहीं और नहीं, अपने आभ्यन्तर में ही अवस्थित है, यह जानने के बाद कुछ और जानने योग्य नहीं रहता । जीवात्मा भोक्ता है, प्रकृति भोग्य है और तीसरा प्रेरक–नियन्ता प्रेरिता परमात्मा है । ब्रह्म के विषय में जो तीन बातें कही हैं, मेरे लिए ब्रह्म का यही वास्तविक स्वरूप है । उपसंहार सम्बन्धी मन्त्र यह है–

एतज्ज्ञेयं नित्यमेवात्मसंस्थं नातः परं वेदितव्यं हि किञ्चित्।
भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्ममेतत् ॥१२॥

जैसे अग्नि काष्ठ लकड़ी आदि में उपस्थित है, परन्तु उसका

उज्ज्वल स्वरूप दिखाई नहीं देता, किन्तु जब काष्ठ रगड़ते हैं और काष्ठ का जो स्वरूप दिखाई देता है, वह भी अग्नि का चिह्न है । दो काष्ठों के निर्मन्थन से वह अग्नि जिस प्रकार ग्रहण की जाती है, उसी प्रकार हमारे देह में विद्यमान परन्तु न दीखने वाले अमूर्त्त ओङ्कार को जप रूपी अरणि की रगड़ से साक्षात् धारण किया जा सकता है।

वह्नेर्यथा योनिगतस्य मूर्त्तिर्न दृश्यते नैव च लिङ्गनाशः । स भूय एवेन्धनयोनिगृह्यस्तद्वोभयं वै प्रणवेन देहे ॥१३॥

अगली ऋचा में इसे अधिक स्पष्ट करते हुए कहा गया है। अपने देह को नीचे की ओर ओङ्कार को उत्तर की अरणि बनाकर जिज्ञासु ध्यान रूपी मन्थन से छिपे हुए निगूढ़ परमात्मदेव ओङ्कार का दर्शन करे ।

स्वदेहमरणिं कृत्वा प्रणवं चोत्तरारणिम् ।
ध्याननिर्मथनाभ्यासाद्देवं पश्येन्निगूढवत् ॥१४॥

जैसे तिलों में तेल है, पर वह पेलने से मिल सकता है, दही में घृत है, पर वह बिलोने से मिल सकता है, स्रोतों में जल, अरणियों में अग्नि विद्यमान रहता है, इसी प्रकार आत्मा में परमात्मा को ग्रहण किया जा सकता है, हां उसे सत्य और तपश्चर्या की रगड़ से साक्षात् किया जाना चाहिए ।

तिलेषु तैलं दधनीव सर्पिरापः स्रोतस्स्वरणीषु चाग्निः । एवमात्मात्मनि गृह्यतेऽसौ सत्येनैनं तपसा योऽनुपश्यति ॥१५॥

जैसे दूध में घृत व्याप्त रहता है, तपश्चर्या सत्य से परमात्म तत्त्व को देख लेते हैं, विना तप के आत्म विद्या का ग्रहण नहीं हो सकता, जैसे तिलों में तेल, दूध में घी, स्रोतों में जल, अरणि में अग्नि उपस्थित है, जैसे उन्हें विशिष्ट साधनों, माध्यम से प्रयत्नपूर्वक प्राप्त किया जा सकता है उसी प्रकार अन्तर में अवस्थित परमात्मा को सत्य, तप, ध्यान द्वारा साक्षात् अनुभूति हो सकती है । उपनिषत्कार कहते हैं यही ब्रह्मोपनिषद् है ।

सर्वव्यापिनमात्मानं क्षीरे सर्पिरिवार्पितम् । आत्मविद्यातपोमूलं तद् ब्रह्मोपनिषत्परं तद् ब्रह्मोपनिषत्परम् ॥१६॥

इस दूसरे अध्याय के पहले पांच मन्त्र यजुर्वेद के ग्यारहवें अध्याय के पहले पांच मन्त्र हैं । सच्ची तपश्चर्या वाले योग की साधना मन के निग्रह से सम्भव है । इन्द्रियों का प्रेरक होने से जीवात्मा सविता है । उसे चाहिए पहले मन को वश में करे, मन का नियन्त्रण होने पर ज्ञान बढ़ेगा और योगी अपने हृदयाकाश में परमात्म तत्त्व का ज्ञान कर सकता है ।

युञ्जानः प्रथमं मनस्तत्त्वाय सविता धियः । अग्नेर्ज्योतिर्निचाय्य पृथिव्या अध्याभरत् ॥२।१॥

दुष्प्रवृत्तियों से मन को हटाकर ज्ञान-यज्ञ के लिए प्रवृत्त हुआ मानव अभीष्ट सुख को प्राप्त कर सकता है, किन्तु मन के स्थिर हुए बिना यह सम्भव नहीं ।

युक्तेन मनसा वयं देवस्य सवितुः सवे सुवर्गेयाय शक्त्या ॥२॥

जिस प्रकार उदय होता हुआ सूर्य अपनी प्रेरक शक्ति द्वारा सब प्राणियों को जगा कर उन्हें कार्यों में प्रेरित करता है । जो चिन्तन द्वारा मन और इन्द्रियों का नियन्त्रण कर आनन्द स्वरूपा ज्योति बढ़ाना चाहते हैं, कृपालु परमात्मा उन्हें सहायता देकर कृतकृत्य करते हैं ।

युक्त्वाय सविता देवान् स्वर्यतो धिया दिवम् । बृहज्ज्योतिः करिष्यतः सविता प्रसुवाति तान् ॥३॥

योग यज्ञ के होताओं को अपने मन-बुद्धि को समाहित करके अत्यन्त भक्तिभाव से परमात्मा की स्तुति करनी चाहिए ।

युञ्जते मन उत युञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः। विहोत्रा दधे वयुनाविदेक इन्मही देवस्य सवितुः परिष्टुतिः ॥४॥

परम कृपालु परमात्मा शरण के अभिलाषी भक्तों को जो योगविद्या से उसकी शरण में जाते हैं और सच्चे हृदय से उसकी उपासना करते हैं । मन्त्र इस प्रकार है–

युजे वां ब्रह्म पूर्व्यं नमोभिः विश्लोक एतु पथ्येव सूरेः । शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा आ ये धामानि दिव्यानि तस्थुः ॥५॥

योगी जानते हैं देह में मूलाधार स्थान पर प्राण को नियन्त्रित कर अनेक साधनों द्वारा ज्ञानाग्नि का उद्दीपन कर यम-नियमादि सहित प्राणायाम के अभ्यास द्वारा भोगवृत्ति के त्याग से मन शुद्ध समाहित स्थित होता है । सम्बन्धित मन्त्र देखिए–

अग्निर्यत्राभिमथ्यते वायुर्यत्राभियुज्यते ।
सोमो यत्रातिरिच्यते तत्र सञ्जायते मनः ॥६॥

जो पुरुष भोग से उदासीन होकर ज्ञान के साधनों से मूलाधार-सुषुम्णा को जोड़ कर शारीरिक सूर्य-चन्द्र को एकत्र कर शुद्ध समाधिस्थ एकाग्र मन से ब्रह्म की उपासना कर उसी की शरण में जाता है । आसक्ति छोड़ देने से कर्मानुष्ठान करने पर भी वह जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पा जाता है ।

सवित्रा प्रसवेन जुषेत ब्रह्म पूर्व्यम् ।
तत्र योनिं कृण्वसे न हि ते पूर्वमक्षिपत् ॥७॥

मनुष्य जैसे तैरते हुए अपना सिर, ग्रीवा और छाती को उन्नत रखता है, इसी प्रकार प्राणायाम के समय इन तीनों को उन्नत तान कर **'त्रिरुन्नतं समं शरीरं स्थाप्य'** और शरीर के शेष भाग को सम अवस्था

में रखकर **समं शरीरम्** तथा चक्षु आदि इन्द्रियों को मन की रुकावट से रोक कर (**हृदि इन्द्रियाणि मनसा संनिवेश्य**) मन को हृदय में निविष्ट कर प्रबल वेग से ब्रह्म वाली नदियों के समान विषयों में उलझने वाली इन्द्रियों ओ३म् के जप और ब्रह्मरूपी नौका में सवार होकर न्याय रूपी भयानक भवरों स्रोतों को पार कर जाता है । **प्रतरेत विद्वान् स्रोतांसि सर्वाणि भयावहानि ।**

प्राणायाम की विधि स्पष्ट करते हुए कहा गया—उक्त स्थिति में बैठते हुए सांस को अन्दर खींचना चाहिए, परन्तु जब प्राण आकर्षित करने में कठिनाई जान पड़े तब नासिका के छिद्र के माध्यम से उसे बाहर निकाल दे । (**प्राणान् प्रपीड्य इह संयुक्तचेष्टः क्षीणे प्राणे नासिकया उच्छ्वसीत ।**) जिस प्रकार रथ के दुष्ट घोड़े को सारथि नियन्त्रण में करता है, उसी प्रकार ज्ञानी व्यक्ति इड़ा को अन्दर खींच, पिंगला से बाहर कर इन्द्रियों का ठीक नियन्त्रण करता है । **दुष्टाश्वयुक्तमिव वाहमेनं विद्वान्मनो धारयेताप्रमत्तः ।**

योगाभ्यास के लिए व्यक्ति प्राणायाम ऐसे स्थान पर करे जो ऊंचा-नीचा न होकर सम स्तर का हो, शुद्ध, पवित्र हो, जहां पत्थर की बजरी न चुभे, अग्नि का ताप परेशान न करे, रेत उड़ कर शरीर में न लगता हो, जहां तीखा कठोर शब्द सुनाई न देता हो, जहां पानी की सीलन न हो । (**समे शुचौ शर्करावह्निबालुकाविवर्जिते शब्दजलाश्रयादिभिः ।**) और जहां सांप, भेड़िए आदि का खतरा भी न हो, जहां कोई प्रतिकूल वस्तु दिखाई न पड़ती हो, एकान्त हो, जहां तेज वायु न चले, ऐसे मन के अनुकूल वातावरण में योगाभ्यास करना चाहिए। **मनोऽनुकूले न तु चक्षुपीडने गुहानिवाताश्रयणे प्रयोजयेत् ॥**

प्राणायाम के द्वारा जब योगी ब्रह्म का ध्यान करता है, तब उसे कुहरा, धूल, सूर्य, वायु, अग्नि, जुगनू, बिजली, स्फटिक, चन्द्रमा आदि के स्वरूप ज्योतियां सी दिखाई देती हैं । (**नीहारधूमार्कानिलानलानां खद्योतविद्युत्फटिकशशीनाम् । एतानि रूपाणि पुरःसराणि ब्रह्मण्यभिव्यक्तिकराणि योगे ।**)

जब योगी पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश इन पञ्चात्मक महाभूतों को अपने नियन्त्रण में कर लेता है तब उसके योगाग्नि से संयुक्त हुए तेजोमय शरीर को न रोग, न बुढ़ापा और न दुःख होता है । **पृथ्व्याप्तेजोऽनिलखे समुत्थिते पञ्चात्मके योगगुणे प्रवृत्ते । न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम् ।**

योग के फलस्वरूप योगी का देह हल्का, नीरोग, निर्लोभ, सुन्दर, मधुर, गम्भीर ध्वनि प्राप्त कर लेता है । (**लघुत्वमारोग्यमलोलुपत्वं वर्णप्रसादं स्वरसौष्ठवं च ।**) उसके शरीर से शुभ गन्ध आता है, उसके

मूत्र-पुरीष न्यून हो जाते हैं, योग ध्यान में मग्न प्रवृत्त व्यक्ति में ये प्रथम चिह्न दिखाई देते हैं । (**गन्धः शुभो मूत्रपुरीषमल्पं योगप्रवृत्तिं प्रथमां वदन्ति ।**)

जैसे मिट्टी से सना सुवर्णादि पिण्ड धोने से तेजोमय होकर चमकने लगता है । (**यथैव बिम्बं मृदयोपलिप्तं तेजोमयं भ्राजते तत्सुधातम् ।**) इसी प्रकार योगाभ्यासी जीवात्मा देह से पृथक् आत्म तत्त्व अपना स्वरूप जान कर शोक से शून्य हो जाता है । (**तद्वाऽत्मतत्त्वं प्रसमीक्ष्य देही एकः कृतार्थो भवते वीतशोकः ।**)

जिस प्रकार एक दीए की ज्योति से दूसरे पदार्थ देखे जा सकते हैं, उसी प्रकार एक योगाभ्यासी आत्मतत्त्व के प्रकाश से ब्रह्मतत्त्व देख लेता है । (**यदात्मतत्त्वेन तु ब्रह्मतत्त्वं दीपोपमेनेह युक्तः प्रपश्येत् ।**) आंख आदि इन्द्रियों से ब्रह्म तत्त्व के दर्शन सम्भव नहीं हैं, परन्तु जीवात्मा का आत्मतत्त्व उन अजन्मा, शाश्वत सब तत्त्वों से सर्वाधिक शुद्ध ब्रह्म की अनुभूति से सब बन्धनों से मुक्त हो जाता है । (**अजं ध्रुवं सर्व-तत्त्वैर्विशुद्धं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः ।**)

वह परमात्म तत्त्व सब दिशाओं, प्रदिशाओं में व्याप्त है, वही सृष्टि के प्रारम्भ में, वही सृष्टि के मध्य में, वही सृष्टि के अन्त में वही है । अगले कल्पों में जो व्यवस्था होगी, यह भी वही है । (**एषो ह देवः प्रदिशोऽनुसर्वाः पूर्वो ह जातः स उ गर्भे अन्तः ।**) यही है, वह जो सब के आभ्यन्तर में अन्तर्यामी के रूप में प्रतिष्ठित है । वह मुक्त आत्मतत्त्व जीव परमात्म तत्त्व की स्तुति करता है । (**स एव जातः स जनिष्यमाणः प्रत्यङ् जनांस्तिष्ठति सर्वतो मुखः ।**)

वह मुक्त आत्मतत्त्व जीव परमात्म तत्त्व-परमात्मा की स्तुति कर कहता है । जो परमात्म तत्त्व अग्नि में है, जो जल में है, जो सम्पूर्ण भुवन में सर्वत्र व्याप्त है । (**यो देवो अग्नौ यो अप्सु विश्वं भुवनमाविवेश**) जो औषधियों वनस्पतियों में सर्वत्र व्याप्त है, उस परम परमात्म तत्त्व परमात्मा को हम पुनः पुनः नमस्कार करते हैं । (**य ओषधीषु यो वनस्पतिषु तस्मै देवाय नमो नमः।**)

जिस प्रकार जाल में फंसी मछलियां निकलना चाहती हुई भी निकल नहीं पातीं, वे जाल वाले की इच्छा पर निर्भर होती हैं, इसी प्रकार परमात्मा की व्यवस्था के नियमबद्ध जाल में कर्मानुकूल बंधे हुए प्राणी संसार रूपी जाल से छूटने के लिए विशेष उद्योग कर ही बन्धन मुक्त हो सकते हैं । वे स्तुति करते हैं—सृष्टि, स्थिति प्रलय रूपी तीन कार्यों को करने के कारण परमेश्वर के ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, तीन पृथक् देव न होकर वह सब का अन्तर्यामी सर्वाधीश परमेश्वर है, उसी की उपासना उचित है । सम्बद्ध मन्त्र देखिए—

एको हि रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुर्य इमांल्लोकानीशत ईशनीभिः। प्रत्यङ् जनांस्तिष्ठति सञ्चुकोपान्तकाले संसृज्य विश्वा भुवनानि गोपाः ॥२॥

वह परमेश्वर सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान् सर्वत्र देखता (**विश्वतश्चक्षुः**) और जो सर्वत्र सम्मुख है। (**उत विश्वतोमुखः**) जो सर्वत्र संरचना शक्ति वाला है। (**विश्वतो बाहुः**) जो सर्वत्र स्थिति वाला है, (**विश्वतस्पात्**) वह अकेला प्रकाशवान् और अप्रकाशित लोकों को अपने रचना-सामर्थ्य से अच्छे प्रकार से उत्पन्न करता हुआ प्राणों से अनुप्राणित करता है। (**संबाहुभ्यां धमति संपतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन् देव एकः।**) अग्नि, वायु आदि सब दिव्य शक्तियों का प्रभव और उद्भव करने वाला वही है। (**यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च।**) वह विश्व का स्वामी है, वह रुद्र रूप महर्षि है, (**विश्वाधिपो रुद्रो महर्षिः**)। वह सृष्टि रचना से पूर्व तेजस्वी सूर्य आदि को अपने अन्दर रखने वाला ब्रह्माण्ड का निर्माण करने वाला जगदीश्वर हमें सुमति दे। (**हिरण्यगर्भं जनयामास पूर्वं स नो बुद्ध्या शुभया संयुनक्तु।**) परमात्मा दुष्टों को रुलाने के कारण रुद्र हैं, वह भक्तों के लिए कल्याणकारी हैं, अपने भक्तों पर कृपादृष्टि करते हैं, वेदवाणियों के अनुवर्त्तियों को सुख देते हैं, सर्वाधीश परमेश्वर की स्तुति, प्रार्थना उपासना से हृदय में शुद्ध ज्ञान का प्रकाश बढ़ता है। वह परमेश्वर सब कालों में मुक्त और शुद्ध है, उसी के ज्ञान से मुमुक्षु मुक्ति पाते हैं। (**विश्वस्यैकं परिवेष्टितारमीशं तं ज्ञात्वाऽमृताः भवन्ति।**)

इस उपनिषत् के तीसरे अध्याय का ८ वां मन्त्र ही यजुर्वेद के ३१ वें अध्याय का अठारहवां मन्त्र है। जिज्ञासु कहता है—मैं उस महान् पूर्ण प्रकाश स्वरूप परमात्मा को जानता हूं, वह आदित्य की तरह प्रकाश स्वरूप है, वह अन्धकार से दूर रहता है, उसी को जान कर मृत्यु को पार किया जा सकता है। सम्बन्धित मन्त्र यह है—

वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्। तमेव विदित्वाऽति मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय ॥

जिज्ञासु स्वीकार करता है मृत्यु से छूटने का दूसरा कोई रास्ता नहीं है। उससे परे कुछ नहीं है, न इस ओर है, उससे न कुछ सूक्ष्मतर है और न बृहत्तर है (**यस्मात् परं न अपरम् अस्ति किञ्चिद् यस्मात् न अणीयः न ज्यायः अस्ति किञ्चित्।**) उससे अधिक सूक्ष्म और उससे बड़ा कुछ नहीं है, उस परमात्म तत्त्व से ही इस ब्रह्माण्ड का अणु-अणु व्याप्त है। (**तेन इदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्।**) वह इस कार्यजगत् से परे कारण प्रकृति से भी परे रूप, रोग, दुःख आदि से रहित है, (**ततः यद् उत्तरतरम् अरूपम् अनामयम्।**) जो भगवान् के

व्यक्त तथा अव्यक्त सम्पूर्ण स्वरूप का साक्षात् कर लेते हैं, वे दुःख रहित होकर अमर हो जाते हैं जो परमात्म देव के इस पूर्ण स्वरूप को नहीं जान पाते, वे संसार में दुःख ही दुःख भोगते हैं । (**य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्त्यथेतरे दुःखमेवापि यन्ति ।**)

इस ब्रह्माण्ड में जितने मुख, शिर, ग्रीवा सम्बन्धिनी देखने, सोचने और निगलने की शक्ति है । (**सर्वाननशिरोग्रीवः**), वही सब प्राणियों के हृदयरूपी गुहा में उपस्थित है । (**सर्वभूतगुहाशयः**) वह सर्वव्यापक है, वह भगवान् है, वह सब में व्याप्त हो रहा है, इसलिए सर्वगत है, वही सब का कल्याण कर सकता है (**सर्वव्यापी स भगवान् तस्मात्सर्वगतः शिवः।**) मुमुक्षु अन्तर गुहा में परमात्म तत्त्व का साक्षात् करता हुआ कह उठता है—अहो यही महान् आत्मा है, सर्वस्वामी, पूर्ण सत्त्वगुणयुक्त, अन्तःकरण का मुख्य प्रवर्तक, अविनाशी, ज्योतिस्वरूप, पाप रहित, निर्मल मुक्ति देने वाला है उसी की कृपा से मुक्ति मिलेगी।

उस सर्वव्यापक परमात्म देव की हृदय देश में अंगुष्ठ मात्र अनुभूति सम्भव है । (**अंगुष्ठमात्रः पुरुषः अन्तरात्मा**) वह सब प्राणियों के हृदयों में संनिविष्ट है, उसे हृदय की गुहा में मन की स्वामिनी बुद्धि तथा संकल्प-विकल्प वाले मन से एकाग्र चित्त से जान सकते हैं । (**सदा जनानां हृदये सन्निविष्टः । हृदा मनीशो मनसाऽभिक्लृप्तो एतद् विदुः ।**) जो उस परमात्म देव का साक्षात् कर लेते हैं, वे अमर हो जाते हैं । (**ते अमृताः भवन्ति ।**)

उस परमात्म देव के अनन्त सिर हैं, अनन्त आंखें हैं, उसके अनन्त पांव हैं, वह पूर्ण है, वह ब्रह्माण्ड को चारों ओर से आवृत करके, दसों अंगुलियों को लांघकर वर्तमान है । सम्बद्ध मन्त्र इस प्रकार है—

सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात् ।
स भूमिं विश्वतो वृत्वाऽत्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ॥

वह परमात्मा वर्तमान, भूतकाल और भविष्यत् काल में एक रस है, वह सब प्राणियों और मोक्ष का स्वामी है । वह अन्नादि आहार की अपेक्षा नहीं रखता, वह कुछ न खाता हुआ भी सब को देखता है । तीसरे अध्याय का पन्द्रहवां मन्त्र ऋग्यजुर्वेदों के पुरुष सूक्तों में दूसरा मन्त्र है ।

उस सर्वव्यापक परमात्म देव के हाथ-पैर सब जगह हैं, उसकी आंखें, सिर, मुख सब जगह हैं, ब्रह्माण्ड में सर्वत्र उसके श्रोत्र हैं । (**सर्वतः पाणिपादं तत् सर्वतः अक्षिशिरः मुखम् सर्वतः श्रुतिमत् लोके।**) वह सब को घेर कर स्थिर है । (**सर्वमावृत्य तिष्ठति।**)

यद्यपि उस परमात्म देव में सब इन्द्रियों के गुण ओत-प्रोत हैं तथापि वह सभी इन्द्रियों से रहित है । (**सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रिय-**

विवर्जितम्) वह परमात्मदेव सब प्राणियों का प्रभु है, वह स्वामी है, वह सब को आश्रय देने वाला है, वह सब की अन्तिम शरण है। **(सर्वस्य प्रभुमीशानं सर्वस्य शरणं बृहत्।)**

इस शरीर रूपी राजधानी में बैठा देहान्तर में जाने के स्वभाव वाला हंस नाम देह का स्वामी जीवात्मा उसके सिर में सात और दो नीचे के इन्द्रिय रूपी छिद्र हैं। **(नवद्वारे पुरे देही हंसो लेलायते बहिः।)** देह का स्वामी जीवात्मा आंख, झरोखों से बाहर झांकता हुआ विषयभोग के लालच में इन्द्रियों को लपकाता है। शरीर रूपी नगर में स्नेह के कारण अविद्या से वह बन्धनों में बंध जाता है।

ऋषि स्पष्ट करते हैं—वह परमात्म तत्त्व हाथ-पांव से रहित है, फिर भी गतिशील है, बिना हाथों के वह ग्रहण कर सकता है, नेत्रों के बिना देख सकता है, बिना कानों के सुन सकता है। **(अपाणिपादो जवनो ग्रहीता पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः।)** जो कुछ भी जानने योग्य है, वह उसे जानता है, परन्तु उसे कोई नहीं जानता, उसी को आद्य महापुरुष कहा जाता है। **(स वेत्ति वेद्यं न च तस्यास्ति वेत्ता तमाहुरग्र्यं पुरुषं महान्तम्।)**

वह परमात्म तत्त्व अणु से भी सूक्ष्म है, महान् से महान् है **(अणोः अणीयान् महतः महीयान्)** वह प्रत्येक प्राणी की हृदय रूपी गुहा में अवस्थित है। **(आत्मा गुहायां निहितः अस्य जन्तोः।)** वह कर्त्ता नहीं है, वह अक्रतु है। शोकसागर से पार करने वाला शोक रहित होकर परमात्म देव की महिमा देख लेता है।

शोक आदि से शून्य पुरुषं जिज्ञासु अनुभव करता है मैं उस वार्द्धक्य से शून्य सनातन सब के आभ्यन्तर में निवास करने वाले सर्वव्यापक सर्वत्र उपस्थित अजन्मा आनन्दस्वरूप परमात्मा का हृदय में साक्षात्कार कर लेता हूं। मुझे सन्तोष है कि मैंने ज्ञातव्य को जान लिया। सम्बन्धित मन्त्र यह है--

वेदाहमेतमजरं पुराणं सर्वात्मानं सर्वगतं विभुत्वात्।
जन्मनिरोधं प्रवदन्ति यस्य ब्रह्मवादिनोऽभिवदन्ति नित्यम् ॥२१॥

सृष्टि के तीन अनादि तत्त्व और परमात्म देव

श्वेताश्वतर उपनिषद् के ऋषि तीन अनादि तत्त्व मानते हैं। जो परमेश्वर किसी की सहायता न लेकर स्थावर जंगम रूप इस ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति, स्थिति, प्रलय ही सहज रूप में कर लेता है। वही सर्वोपरि सब का स्वामी है। मानव को अपने कल्याण के लिए उसी की प्रार्थना करनी चाहिए। वह एक है, अद्वितीय है, एक होते हुए अनेक वस्तुओं का निर्माण करता है, वह परमात्म देव ही अन्त में संहार करता है,

वह परमात्म देव हमें शुभ-बुद्धियों से संयुक्त करे। (**देवः स नः बुद्ध्या शुभया संयुनक्तु।**)

वही परमात्म देव अग्नि है, वही आदित्य है, वही वायु और चन्द्रमा है, वही शुक्र और ब्रह्म है, वही जल और प्रजापति है। सम्बद्ध मन्त्र यह है–

तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद् वायुस्तदु चन्द्रमाः।
तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः ॥२॥

हे परमात्मन् सब को उत्पन्न करने में तुम्हीं नारी हो, तुम ही नर हो, तुम ही कुंआरे और कुमारी हो। (**त्वं स्त्री त्वं पुमानसि त्वं कुमार उत वा कुमारी**) तुम सदा वृद्ध, बहुद्रष्टा, बहुश्रुत सर्वोपरि अनुभवी होते हुए दण्ड द्वारा प्राणियों की रक्षा करते हुए तुम ही अपने कर्मों द्वारा सब के हृदय में प्रकट हुए साक्षात् देखने वाले हो। (**त्वं जीर्णो दण्डेन वञ्चसि त्वं जातो भवसि विश्वतोमुखः।**) उड़नशील काला, भूरा, हरे, लाल नेत्रों वाले तोते आदि पक्षी तडित् नामक विद्युत् वाले मेघ, वसन्त आदि ऋतु, समुद्र (**नीलः पतङ्गो हरितो लोहिताक्ष-स्तडिद्गर्भ ऋतवः समुद्राः।**) इन सभी पृथ्वी आदि तत्त्वों में परमेश्वर उन उन के ही रूप में व्याप्त है, वह अतिसूक्ष्म और व्यापक होने से ही अनन्त सृष्टि का उत्पादक है। (**अनादिस्त्वं विभुत्वेन वर्त्तसे यतो जातानि भुवनानि विश्वा।**)

सृष्टि के तीनों तत्त्व अज अजन्मा हैं–जीव तथा परमात्मा अज अजन्मा हैं, प्रकृति स्त्रीलिंगी होने से अजा-अजन्मा है, सतो गुण, रजो गुण और तमो गुण की सम अवस्था ही प्रकृति है। इस प्रकृति का स्वरूप लाल, सफेद, काला, लोहित शुक्ल, कृष्ण रूप है। (**अजाम् एकाम् लोहितशुक्लकृष्णाम्**) वह प्रकृति अपने जैसे अनेक पदार्थों का सृजन कर रही है, उसे दूसरा अज-अजन्मा जीव भोग रहा है। और तीसरा अज अजन्मा परमेश्वर वह प्रकृति का भोग नहीं करता। (**जहाति एनां भुक्तभोगाम् अजः अन्यः।**) दो प्रकार के जीव हैं, पहले प्रकार के जीव प्रकृति के भोग में लगे रहते हैं, दूसरे प्रकार के जीव अपने को प्रकृति से पृथक् रख कर अध्यात्मवादी त्याग का जीवन जीते हैं।

यहां दो सुन्दर पक्षी हैं– वे दोनों, साथ-साथ मित्र भाव से रहते हैं। वे दोनों एक ही वृक्ष का आलिंगन कर रहे हैं, उन दोनों में से एक तो पिप्पल के फल को स्वाद से खा रहा है, दूसरा बिना फल का स्वाद लिये साक्षी रूप से देख रहा है–निर्लेप भाव से निहार रहा है। सम्बन्धित मन्त्र यह है–

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्योऽअभिचाकशीति ॥६॥

एक ही प्रकृति रूपी वृक्ष पर जीव रूपी पुरुष प्रकृति का उपभोग करता हुआ शक्तिहीन हो जाता है और प्रकृति के मोह में फंस कर शोक-सन्तप्त हो जाता है, पर प्रकृति से पृथक् परमात्म देव की महिमा देख कर भगवान् में भक्ति लगा कर शोक रहित हो जाता है। सम्बद्ध मन्त्र देखिए-

समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नोऽनीशया शोचति मुह्यमानः ।
जुष्टं सदा पश्यत्यन्यमीशमस्य महिमानमिति वीतशोकः ॥

मनुष्य के लिए यही परम धर्म है कि योगाभ्यास आदि द्वारा परमात्मा का चिन्तन करे। परमात्म देव को जानने के लिए वेदों का अध्ययन करे। वेद की सब ऋचाएं उस अक्षर ब्रह्म का ही प्रतिपादन करती हैं, जो उस ब्रह्म को नहीं जानता, वह ऋचाओं का क्या करेगा। जो ब्रह्म को जान जाते हैं, वे सच्ची शान्ति प्राप्त करते हैं। यही मन्त्र ऋग्वेद के पहले मण्डल के १३९ वें सूक्त का ३९वां मन्त्र है।

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन्देवा अधिविश्वे निषेदुः ।
यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति य इत्तद्विदुस्त इमे समासते ॥८॥

वेदों के छन्द, यज्ञ, ऋतुएं, व्रत, भूत, भव्य और वेद जो कुछ कहते हैं उस सब को परमात्मा ने ही रचा था, वही अब रचता है, भविष्य में वही उसकी रचना करेगा, वही परमात्मा उसमें निर्लेप रहता है। परन्तु जीवात्मा उसमें आकर बंध जाता है। (**तस्मिन् च अन्यः मायया संनिरुद्धः ।**)

माया का अर्थ प्रकृति है और मायी परमेश्वर है। (**मायां तु प्रकृतिं विद्यात् मायिनं तु महेश्वरम् ।**) स्थूल पदार्थ के तुल्य परमेश्वर की प्राप्ति सम्भव नहीं है, जिस एक ईश्वर का सब दिशाओं, देशों और कालों में जिसका यश विस्तीर्ण है, उस परमेश्वर की कोई स्थूल प्रतिमा नहीं है, उस परमात्मा का यश सर्वत्र व्याप्त है। मन्त्र देखिए-

नैनमूर्ध्वं न तिर्यञ्चं न मध्ये परिजग्रभत् ।
न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद्यशः ॥१९॥

